राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–66/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के "कर्मयोग द्वारा सशक्त भारत" अभियान को बिहार के शासन एवं प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के लिए प्रारंभ किया

पटना 28 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना के दरबार हॉल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में चल रहे "कर्मयोग द्वारा सशक्त भारत" अभियान को बिहार के शासन एवं प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के लिए प्रारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य को अपना समझकर करना चाहिए, यही 'कर्म ही पूजा है' का मूल दर्शन है। एक कुशल नेतृत्वकर्ता के लिए आवश्यक है कि वह अपने सहकर्मियों के बीच सकारात्मकता का वातावरण बनाए तथा उनकी गरिमा का सम्मान करे, इससे सब को खुशी और प्रेरणा भी मिलती है।

उन्होंने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में चारों ओर संघर्ष और तनावपूर्ण वातावरण के बीच यह संस्था समाज में सकारात्मक संदेश दे रही है।

शासन एवं प्रशासन से जुड़े अधिकारियों तक इस अभियान को प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों को कलश एवं भाइयों को ध्वज प्रदान किया तथा उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम को ओम शांति रिट्रीट सेंट्रल, गुरूग्राम, दिल्ली की निदेशक राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा बहन एवं प्रशासनिक प्रभाग के मुख्यालय समन्वयक राजयोगी ब्रह्माकुमार हरीशभाई ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्री सबीहा हसनैन, राज्यपाल के सचिव श्री गोपाल मीणा, पटना सब जोन की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी बहन, पटना सेवा केन्द्र की संचालिका, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी संगीता बहन, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनें और भाई, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, अन्य अतिथिगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

....